# विषय : सामाजिक विज्ञान   Set-B

**निर्देश : सभी प्रश्न हल कीजिए।**

1. **(अ) बहुविकल्पीय प्रश्न (सही विकल्प चुनकर लिखिए) :**

   (i) अमेरिका प्रथम विश्वयुद्ध में कब शामिल हुआ?
   (अ) सन् 1915 में   (ब) सन् 1916 में
   (स) सन् 1917 में   (द) सन् 1918 में

   (ii) नाटो का गठन इनमें से किसके द्वारा किया गया?
   (अ) रूस और सहयोगी राष्ट्र
   (ब) एशिया और सहयोगी राष्ट्र
   (स) अफ्रीका और सहयोगी राष्ट्र
   (द) अमेरिका और सहयोगी राष्ट्र

   (iii) रवीन्द्रनाथ टैगौर को किस कृति के लिए नोबेल पुरस्कार मिला था?
   (अ) वन्देमातरम्   (ब) आनन्द मठ
   (स) गीतांजलि   (द) जन-गण-मन

   (iv) निम्न में कौन-सा तत्व सामाजिक विकास में बाधक नहीं है?
   (अ) शिक्षा   (ब) अस्वस्थता
   (स) लिंग भेद-भाव   (द) सामाजिक असमानता

   (v) केन्द्रीय सूचना आयोग का मुख्यालय कहाँ है?
   (अ) बैंगलोर   (ब) मुम्बई
   (स) दिल्ली   (द) चेन्नई

   (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :
   (i) वस्तुओं की कृत्रिम कमी करके उसे ऊँचे मूल्य पर बेचना ____ कहलाता है।
   (ii) ऑपरेशन फ्लड का संबंध ____ से है।
   (iii) जनसंख्या वृद्धि को रोकने वाले कार्यक्रम को ____ कहा जाता है।
   (iv) 2001 में भारत की जनसंख्या घनत्व ____ व्यक्ति प्रति वर्ग कि०मी० था।
   (v) ____ को आधारभूत उद्योग कहा जाता है।

**निर्देश : प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द है।**

2. 'गोदना' से आप क्या समझते हैं?
3. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय कहाँ पर स्थित है? इसमें कितने न्यायाधीश होते हैं?
4. सम्राट अकबर द्वारा निर्मित दो प्रमुख इमारतों के नाम लिखिए।
5. भक्ति आन्दोलन के प्रमुख संतों के नाम लिखिए।
6. राज्य परिषद को स्थायी सदन क्यों कहा जाता है?
7. महिला सशक्तिकरण से आप क्या समझते हैं?
8. उपभोक्ता की बचत को मापने के लिए कोई दो आधार बताइए।
9. 'श्रम विभाजन' की एक उपयुक्त परिभाषा दीजिए।

**निर्देश : प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है।**

10. गुट-निरपेक्ष आन्दोलन के तीन प्रमुख उद्देश्य लिखिए।
11. छत्तीसगढ़ की वेशभूषा एवं रहन-सहन के संबंध में आप क्या जानते हैं?
12. राज्य सभा सदस्य हेतु कौन-कौन सी योग्यताएँ होनी चाहिए?
13. उपभोक्ता की बचत एकाधिकारी द्वारा मूल्य निर्धारण में किस प्रकार सहायक है?
14. भारत की जनसंख्या नीति, 2000 के किन्हीं तीन उद्देश्य लिखिए।
15. श्रम विभाजन से श्रमिकों को होने वाली कोई तीन हानियों को लिखिए।

**निर्देश : प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द है।**

16. औद्योगिक प्रदूषण क्या है? इनके प्रकारों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

पेट्रो-रसायन उद्योग पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

17. वनों से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभ लिखिए।

**अथवा**

भारतीय कृषि की चार मुख्य समस्याएँ लिखिए।

18. भारत में मूल्य वृद्धि के किन्हीं चार कारण लिखिए।

**अथवा**

भारत में गरीबी दूर करने हेतु सरकार द्वारा चलाये जा रहे प्रमुख कार्यक्रमों का वर्णन कीजिए।

19. सामाजिक चेतना को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार तत्वों को लिखिए।

**अथवा**

सामाजिक चेतना के चार प्रमुख बाधक तत्वों का वर्णन कीजिए।

20. शीतयुद्ध के चार परिणाम लिखिए।

**अथवा**

एशियाई एवं अफ्रीकी देशों में राजनैतिक पुनर्जागरण के कोई चार कारण बताइए।

21. जर्मनी में नाजीवाद के उदय के कारणों को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

नाजीवाद एवं फासीवाद की समानताएँ क्या थीं?

**निर्देश : प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 100 शब्द है।**

22. खनिज संसाधनों के आर्थिक महत्व का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

ऊर्जा के गैर-परम्परागत किन्हीं पाँच साधनों का वर्णन कीजिए।

23. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :
(i) मुम्बई   (ii) नर्मदा नदी
(iii) अरावली पर्वत   (iv) खम्भात की खाड़ी

a2zsubjects.c   a2zsub

**अथवा**

(i) छोटानागपुर पठार (ii) काराकोरम दर्रा

(iii) गंगा नदी (iv) दिल्ली

(v) चाय उत्पादक प्रमुख राज्य

**24.** भारतीय संसद के किन्हीं पाँच कार्यों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

''सर्वोच्च न्यायालय मौलिक अधिकार का संरक्षक है।'' स्पष्ट कीजिए।

**25.** साम्राज्यवाद से आप क्या समझते हैं? विश्व में साम्राज्यवाद के पाँच नकारात्मक प्रभाव का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

साम्राज्यवाद के विकास में औद्योगिक क्रान्ति का क्या प्रभाव पड़ा? किन्हीं पाँच का वर्णन कीजिए।

निर्देश : **प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द है।**

26. भारतीय मिट्टी कितने प्रकार की है? वर्णन कीजिए।

**अथवा**

''कृषि भारत की आत्मा और भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार है।'' समझाइए।

27. द्वितीय विश्वयुद्ध के छ: कारणों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

जापान में राष्ट्रवाद के उदय के क्या कारण थे?